(5)	निम्नोक्त रंजक मध्यवर्ती पदार्थों पर 60 प्रतिशत यथामूल्य (मानक) तथा 50 प्रतिशत यथामूल्य (अधिमानी) का वर्तमान कानूनी राजस्व शुल्क, समान संरक्षणात्मक शुल्क में परिवर्तित किया जाय, जो कि 31 दिसम्बर, 1974 तक प्रवृत्त रखा जाय :	स्वीकृत । शुल्क की संरक्षणात्मक दरें, भारतीय टरिफ अधिनियम, 1934 की धारा 3–क के अधीन अधिसूचना द्वारा तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त हो रहा है ।
	1. चिकागो एसिड 2. जी–साल्ट 3. गामा एसिड 4. एच-एसिड 5. ज-एसिड यूरिया 6. मैटा-डोल्यूलाइल-डाइमाइन, 7. मैटा-फिनाइल-डाइमाइन 8. मीविल जिन्थर एसिड 9. पैरा नाइट्रो एनिलाइन 10. रोडूयलाइन एसिड 11. सल्फोनिक एसिड 12. सोडियम नफिथओनेट/नफिथओनिक एसिड	एसिटो एसिटिक इस्टर (मिथाइल/इथाइल), ट्राइक्लोरोबैंजिन, बंजीडाइन सल्फेट तथा डाइमीथाइल एनिलाइन, जिनके आयात सीमा शुल्क की रियायती दरों पर करने की अनुमति दी जा रही है को रंजक मध्यवर्ती पदार्थों की सूची से हटा लिया गया ।
	13. 2,5 डाइक्लोरो नाइट्रो बैंजीन 14. डाइमथाइल सल्फेट 15. बैटा-नैफथाल 16. एसिटो एसिटिक इस्टर (इथाइल/मिथाइल)	यथासमय आवश्यक विधान बनाया जाएगा ।

1	2	3	
	17. ट्राइक्लोरोवेंजीन 18. वेंजीडाइन हाइड्रोक्लोराइड/वेंजीडाइन सल्फेट , 19. डाइमेथिल एनिलाइन		
	3. रंजक मध्यवर्ती पदार्थों की मदें जिनके सम्बन्ध में संरक्षण वापिस लिया जाता है ।		
(6)	निम्नोक्त रंजक मध्यवर्ती पदार्थों को दिया गया संरक्षण 31 दिसम्बर 1972 के बाद में जारी रखने की आवश्यकता नहीं है और इन पर शुल्क की संरक्षणात्मक दरें, 60 प्रतिशत **यथामूल्य** (मानक) तथा 50 प्रतिशत **यथामूल्य** (अधिमानों) पर राजस्व दरों में परिवर्तित कर दी जायें :	स्वीकृत :	
	1. 1-एमिनो एन्थाक्विनोन 2. ओर्थो -क्लोरा एनिलाइन 3. परा–क्लोरो एनिलाइन 4. परा नाइट्रो एनिसाल 5. क्लोरो–ओर्थो टोल्यूडाइन 6. 1,4–डाइएमिनो एन्थ्राविनोन 7. बैरी एसिड 8. 2,5–डाइमिथाइल–4–क्लोरोफिनाइल थिओग्लाइकोलिक 9. एमिनो-ओइसो-जी-एसिड	भा० सी० शु० ट० मद 28(40)	भारतीय सीमा शुल्क टैरिफ मद 28(38) के अधीन वर्गीकृत रंजक मध्यवर्ती पदार्थों अर्थात् ओर्थो एनिसडाइन के मामले में भारतीय टैरिफ अधिनियम 1934 की धारा 4(1) के अधीन अधिसूचित, जिसमें 100 प्रतिशत यथामूल्य (मानक) तथा 90 प्रतिशत **यथामूल्य** (अधिमानी) का वर्तमान संरक्षणात्मक शुल्क घटाकर 60 प्रतिशत **यथामूल्य** (मानक) तथा 50 प्रतिशत यथामूल्य (अधिमानी) कर दिया गया है वह अलग से प्रकाशित की गई है । यथासमय आवश्यक विधान बनाया जाएगा ।
	10. ओर्थो एनिसिडाइन	(भा० सी० शु० ट० मद 28(38)	
	चूंकि अनुमान-योग्य भविष्य में उनके आयातों पर परिणामात्क नियंत्रक रहने की संभावना है इस लिए वे टैरिफ आयोग अधिनियम 1951 की धारा 11(क) के अर्थ के अन्तर्गत टैरिफ आयोग के पर्यवेक्षण के अधीन रहनी चाहिए ताकि 31 दिसम्बर 1974 तक इन मध्यवर्ती पदार्थों की प्रगति और विकास पर सतत् निगरानी रखी जा सके ।		
	11. बेन्जानथोन भा० सी० शु० ट० मद 28 (36) 12. बी० ओ एन एसिड भा० सी० शु० ट० मद 28(37)		

1	2	3
	13. 2,6–डाइएमीनो एन्थ्राक्विनोन 14. ओर्थो -नाइट्रो एनिसोल 15. 1–क्लोरो एन्थ्राक्विनोन 16. एन्थ्राक्विनोन–1–सल्फोनिक एसिड सोडियम साल्ट	भा० सी० शु० ट० मद 28(40)

4. (रंजक मध्यवर्ती पदार्थों की वे मदें जिनके सम्बन्ध में उद्योग की सहायता के उपाय के रूप में शुल्क कम किया जाता है ।

(7) निम्नोक्त रंजक मध्यवर्ती पदार्थों को 31 दिसम्बर, 1974 तक कुछ शुल्क रियायत दी जाती रहे। शुल्क की रियायती दरें 40 प्रतिशत **यथामूल्य** (मानक) तथा 30 प्रतिशत मूल्य (अधिभानी) पर निश्चत की जाए । स्वीकृत :

1. सल्फा नेफफिलामाइन
2. 2–क्लोरो–4–नाइट्रो एनिलाइन
3. 3,3–डाइक्लोरो बैंजीडाइन
4. एन० एन० डाइथिलानिलाइन
5. 3,3–डाइक्लोरो बैन्जीडाइन, डाइहाइड्रोफ्लोराइड
6. मैटा-डाइनिट्रो बेन्जीन
7. मैटा नाइट्रो क्लोरो बेन्जीन
8. मोनो-क्लोरो–पैरा–जाइलोन (1–क्लोरो–2,5–डाइमेथाइल बैंजीन अथवा 2–क्लोरो–1,4,–डाइमिथाइल बैन्जीन),
9. ओर्थो–नाइट्रो फलोरो बैन्जीन,
10. ओर्थो नाइट्रो टोल्यून
11. ओर्थो टोलिडाइन
12. पैरा नाइट्रो टोल्यूइन
13. पैरा टोल्यूइडाइन–ओर्थो–सल्फोनिक एसिड (पैरा टोल्यूइडाइन (1–मीथाइल 4–एमिनो)–सल्फोनिक एसिड,
14. पैरा नाइट्रो क्लोरो बैन्जीन ।

1	2	3
(8)	सीमाशुल्क कार्यालय की अधिसूचना सं० 148/एफ नं० 17/4/69–कस्ट, 1 दिनांक 15–11–1969 में नोट किए गए "पूर्वान्तिम रंजक-मध्यवर्ती पदार्थों" के संबंध में, निम्नलिखित सिफारिशों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है :	स्वीकार कर ली गई । चूंकि (1) और (3) में विनिर्दिष्ट मध्यवर्ती पदार्थों की कोई सूची नही बनाई जा सकती है, अत : वर्तमान सशर्त छूट को जारी रखो जाये। आयातकों को विशिष्ट राशियों और विशिष्ट अवधि के लिए बराबर बांड फाइल करना चाहिए । पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय संबद्ध मध्यवर्ती पदार्थों के संबंध में प्रक्रिया तय करेगा ।
	(1) विशिष्ट और साथ ही अन्य मध्यवर्ती पदार्थों को, जिनका रंजक उद्योग में प्रमुख रूप से (अर्थात् 85 से 90 प्रतिशत तक) प्रयोग होता है, बिना शर्त शुल्क रियायतें प्रदान की जानी चाहिए और इस प्रकार उन्हें बांड निर्पन्धन से मुक्त कर दिया जाना चाहिए ।	
	(2) इसके विपरीत, उन मध्यवर्ती पदार्थों को रियायती शुल्क सूची से निकाल देना चाहिए जो रंजक उद्योग के अलावा अन्य उद्योगों में प्रमुख रूप से (अर्थात् 85 से 90 प्रतिशत तक) प्रयोग में लाये जाते हैं; तथा	
	(3) जो मध्यवर्ती पदार्थ उपरोक्त दोनों समूहों में से किसी में भी नहीं आते किन्तु तैयार रंजक पदार्थों की उत्पादन लागत में उनकी लागत का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, उन्हे शुल्क में रियायत जारी रखी जाये बशर्ते आयातक बांड पूरा कर दे । इन सिफारिशों को तेजी से क्रियान्वित करने के लिए प्रभावी उपाय किए जायें :	
	(4) सीमाशुल्क अधिकारियों की बांड संबंधी अपेक्षाओं के संबंध में जहां नाम मात्र का शुल्क दिया जाये, वहां बांड की आवश्कयता नहीं है । जहां रंजक पदार्थों के उत्पादन के लिए रंजक मध्यावर्ती पदार्थों की आवयश्कता है, वहां बड़े क्षेत्र के संबंध में तकनीकी विकास के महा निदेशक से और लघु क्षेत्र के संबंध में उद्योग निदेशक के अंतिम प्रयोग का प्रमाण पत्र देना होगा शेष मामलों में, प्रत्येक आयात के लिए पृथक-पृथक बांड लेने के बजाय, यह महसूस किया जाता है कि विशिष्ट अवधि के लिए कुछ धनराशि का सतत आधार पर बांड लेना उपयुक्त होगा। यह महसूस किया गया कि इस विषय पर स्थायी समिति भी विचार करे ।	

1	2	3
(9)	बैनजीन, इथाइल बैनजीन, बैन्जोल टाल्युईन, टाल्युओल और लाइट सोलवेंट नैपथा (बन्जीन और टाल्युईन का मिश्रण) के लिए उत्पादन शुल्क में दी गई आंशिक छूट आर्थो जाइलीन पर भी लागू कर दी जाये ।	उत्पादन शुल्क के आंशिक छूट के लिये पात्र रंजक मध्यवर्ती पदार्थों की सूची में आर्थो जाइलीन को शामिल करने की सिफारिश इस आधार पर की गयी है कि इस रियायत से आर्थो जाइलीन पर आधारित मध्यवर्ती पदार्थों के निर्यात में सहायता मिलेगी चूंकि ऐसे माध्यवर्ती पदार्थों के निर्यातों पर कटौती/शुल्क की वापसी करके शुल्क की पर्याप्त क्षतिपूर्ति कर दी जाती है अत : इस सिफारिश को स्वीकार नहीं किया गया है ।
(10)	सार्वजनिक पूछताछ के दौरान गवेषणा तथा विकास संवर्धन के सम्बन्ध में उत्पादकों के सम्मुख आने वाले विविध कठिनाइयों का पता चला । यह बताया गया कि हालांकि गवेषणा कार्य करने के लिए पर्याप्त प्रतिभा तथा सुविधायें उपलब्ध हैं लेकिन इस क्षेत्र में शीघ्र प्रगति को बढावा देने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं दिये जा रहे है । उदाहरणार्थ, यह हवाला दिया गया कि वर्तमान विधान के अनुसार गवेषणा पर व्यय करने के लि निर्धारित राशि उसी वर्ष व्यय करनी होती है, यदि उस पर आय कर की राहत लेनी है । गवेषणा सतत प्रक्रिया है अतः यह तर्क दिया गया कि कर में राहत पाने के लिए सम्पूर्ण राशि को उसी वर्ष व्यय करना व्यवहारिक नहीं है । साग्रह यह कहा गया कि इस सम्बन्ध में कुछ लचीलेपन की आवश्यकता है ताकि विनिर्माता कुछ वर्षों में जो व्यय करें उस पर वे कर सम्बन्धी राहत ले सकें । यह भी कहा गया कि एकक अपनी अलग-अलग गवेषणा तथा विकास निधि बना सकते हैं और जिन वर्षों में काफी लाभ अर्जित हो, इस निधि के	नोट कर लिया गया ।

1	2	3
	लिए कुछ अन्य प्रयोग रद्द किया जाये और उस पर कर नहीं लगाये जाने चाहिए। यह बात कुछ अर्थपूर्ण प्रतीत होती है और इसे सरकार के ध्यान में लाया गया है।	
	5. अन्य अनुषंगी सिफारिशें	
(11)	यदि बाद में निर्माताओं को यह पता चलता है कि कतिपय बिना लागत लगाये गये मध्यवर्ती पदार्थों के सम्बन्ध में जिन संरक्षणात्मक दरों की सिफारिश की गई है वे अलाभकर मूल्य को पूरा करने में अपर्याप्त है, तब वे संरक्षण की राशि में उपयुक्त परिशोधन करने के लिए, आवश्यक जानकारी के साथ, आयोग के पास आवेदन पत्र भेज दें।	नोट कर लिया गया।
(12)	(1) एमिटो एसिट मोटा जाइनाइड और (2) एसीटो एसिट आर्यो एमिसिडाइड के सम्बन्ध में संरक्षण की आवश्यकता नहीं है और इन पर 60 प्रतिशत यथामूल्य (मानक) और 50 प्रतिशत यथामल्य (अधिमानी) की दर से शुल्क की वर्तमान राजस्व दरें जारी रहनी चाहियें।	स्वीकार कर ली गयी।
(13)	(1) सीटो एसिटिक इस्टर (2) ट्राइक्लोरो बैन्जीन (3) डिमिथाइल एनीलीन और (4) बैन्जीडीन सल्फेट पर लगे रियायती शुल्क को समाप्त कर दिया जाये।	स्वीकार कर ली गयी। शुल्क सम्बन्धी रियायत समाप्त कर दी गई है। नये रंजक मध्यवर्ती पदार्थों की सूची में, जिन्हें संरक्षण दिया गया है, एसीटो, एसिटिक ईस्टर, ट्राईक्लोरो बैन्जीन डिमिथाइल एनीलीन और बैन्जीडीन सल्फेट को शामिल कर लिया गया है।
(14)	(1) ऐमिनो-एजो बैन्जीन हाइड्रोक्लोराइड, (2) लाॅन्ट सिड और (3) पैरा एमिनो-एसिटनीलीड पर शुल्क सम्बन्धी रियायत देने का कोई औचित्य नहीं है और इन मध्यवर्ती पदार्थों पर 60 प्रतिशत **यथामल्य** (मानक) और 50 प्रतिशत **यथामूल्य** (अधिमानी) की दर से वर्तमान राजस्व शुल्क की दरें जारी रहें।	स्वीकार कर ली गई।

1	2	3

(15) कुछ उत्पादकों ने निम्नलिखित 29 मध्यवर्ती पदार्थों के संबंध में शुल्क की रियायती दरों के लिए जो अनुरोध किया था। वह नहीं माना गया। न मदों पर राजस्व शुल्क की वर्तमान दरें जारी रहेंगी।

स्वीकार कर ली गई।

1. 3–एमिनो एनिसिक एसिड एनीलीड (3–एमिनो-पैरा-एनिसनीलीड)
2. 2, 4–डाइनाइट्रोक्लोरोबेन्जीन
3. 2, 5–डाइक्लोरोनाइट्रोबेन्जीन
4. एथिल बैन्जीलानीलीन
5. 4–क्लोरो-ग्रार्थो नाइट्रोटोल्यन (4–क्लोरो–2–नाइट्रोटोल्यून)
6. मिशलर किटोन (4, 4'–बिस (डिमिथाइल मिनो)–बिन्जि-फिनोन)
7. पैरा–क्लोरोफिनोल
8. फिनील एल्फानैफिथलामीन
9. फिनील हाइड्राजीन
10. टट्रामेथिलथियोलिया
11. 4, 4'–डी (6–मिथिलबन्जथियाजील) एजो-बैन्जीन
12. फिनीलमेथिलापाइरा जोलोन (3–मिथेल–1–फिनेल–5–पाइराजोलोन)
13. एनीलीन
14. ग्रार्थो डी क्लोरोबेन्जीन
15. पैरा–ग्रोरिमीडीन (5–मेथिल-ग्रार्थो एनीमीडीन)
16. 2–ऐसीटिलेमीन–3–क्लोरा एन्थ्राक्यूनोन
17. 2– एमिनो–3–हाइड्रोक्सीएन्थ्राक्यूनोन
18. एन्थ्रा फ्लेविक एसिड/केलिडोन साल्ट ए एफ 20 प्रतिशत पेस्ट
19. 1–2–डाईक्लोरो–4–नाइट्रोबेन्जीन
20. 1, 1–डाइनेफथाइल–8, 8–डाइ कार्बोक्सिलिक एसिड
21. मेटा-टोल्यूडीन

1	2	3
	22. मैटा–जाइलीडीन 23. मोलिब्डिक एसिड 24. ओर्थो सल्फानिलिक सिड 25. 1–9–पिराजोलैन्थ्रोन 26. 2, 4, 5–ट्राइक्लोरो नीलीन 27. डिड्राइड्रोथिओ-पैरा-टोल्यूडीन-सल्फोनिक एसिड 28. 2, 5–जाइलिडिन 29. 2–एमिनो–3, 5–जाइलीन सल्फोनिक सिड	
(16)	एसिटो-एसिटिकईस्टर के आयात इस प्रकार विनियमित किये जाने चाहिए जिससे वह देशी उत्पादन सेवेशी मांग को ही केवल पूरा करे । साथ ही उत्पादकों को संयंत्र के संचालन में सभी संभव किफायतें करके अपनी उत्पादन लागत कम करने के लिए भी सभी प्रयास करने होंगे ।	समय समय पर लागू आयात नीति के अंतर्गत संभव सीमा तक क्रियान्वित की जायेगी । सिफारिश के अंतिम भाग की ओर एसिटो-एसिटिक-ईस्टर के उत्पाद का ध्यान दिलाया गया है ।
(17)	मैटा–नाईट्रो–पैरा टोल्यूडीन के आयातों पर, यदि कोई हों, निगरानी रखी जाये ।	स्वीकार कर ली गई ।
(18)	नीचे लिखे 7 मध्यवर्ती पदार्थों के आयात पर रोक लगाने से संबंधित वर्तमान आयात व्यापार नियंत्रण नीति को संरक्षण अवधि के दौरान अर्थात् 31 दिसम्बर, 1974 तक, जारी रखने की आवश्यकता है ताकि घरेलू क्षमता का पूर्ण उपयोग किया जा सके : 1. एसिटो एसिट एनिलाइड 2. एसिटो एसिट ओर्थो क्लोरो एनिलाइड 3. एसिटो एसिट ओर्थो टोल्यूडीन 4. 4, 4' डाइनाइट्रो स्टिलबीन–2, 2'–डाईसल्फोनिक एसिड 5. पैरा नाइट्रोटोल्यून ओर्थो सल्फोनिक एसिड 6. पैरा टोल्यूडीन 7. पैरा टोल्यूडीन–मैटा सल्फोनिक एसिड	समय समय पर लागू आयात नीति के अंतर्गत संभव सीमा तक क्रियान्वित की जाये गी ।

1	2	3
(19)	नीचे लिखे 12 मध्यवर्ती पदार्थों के प्रतिबंधित आयातों से संबंधित वर्तमान आयात व्यापार नियंत्रण नीति को संरक्षण अवधि के दौरान, अर्थात् 31 दिसम्बर, 1974 तक जारी रखने की आवश्यकता है ताकि घरेलू क्षमता का पूर्ण उपयोग किया जा सके । 1. 1–एमिनो–6–नाइट्रो–2–नैफथोल–4–सल्फोनिक एसिड 2. बैन्जोइल–जे एसिड 3. 4–क्लोरो–2–नाइट्रो एनिलीन 4. 1–5–डाइएमिनो एन्थ्राक्यूनोन 5. 2, 5–डाइक्लोरो नाइट्रोबेन्जीन 6. 2–नैफ्थाइल–थिओग्लाइक्लोलिक एसिड 7. फिनाइल–पैरी–एसिड 8. पैरा एनिसिडीन 9. फिनाइल–जे–एसिड 10. आर-साल्ट 11. शैफर एसिड 12. टोबियास एसिड	समय समय पर लागू आयात नीति के अंतर्गत संभव सीमा तक क्रियान्वित की जायेगी ।
(20)	(1) डाइमिथाइल सल्फेट (2) 4, 4' डाइएमिनो स्टिल्बेनी–2–2'–डाइसल्फोनिक एसिड और (3) ओर्थो टोल्यूडीन के आयात इस प्रकार विनियमित किये जाने चाहिएं ताकि घरेलू क्षमता का पूरा उपयोग किया जा सके ।	समय समय पर लागू आयात नीति के अंतर्गत संभव सीमा तक क्रियान्वित की जायेगी ।
(21)	निम्नलिखित मध्यवर्ती पदार्थों के आयातों को प्रभावी रूप से विनियमित किया जाते रहना चाहिये । 1. पैरा–नाइट्रोसोफिनोल 2. 4–क्लोरो–ओर्थो–टोल्यूडीन	समय समय पर लागू आयात नीति के अंतर्गत संभव सीमा तक लागू की जायेगी ।
(22)	जे–एसिड के घरेलू उत्पादन और उसकी कुल मांग के बीच के अन्तर को कारगर रूप से समाप्त करने के उद्देश्य से विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए कि लघु क्षेत्र की आवश्यकता यथेष्ट रूप में उचित कीमत पर पूरी हो जायें, ज–एसिड के आयात की अनुमति देना वांछनीय होगा ।	समय समय पर लागू आयात नीति के अंतर्गत संभव सीमा तक लागू की जायेगी ।

1	2	
(23)	आयात तथा अन्य संबद्ध मामलों पर समग्ररूप से संतुलित रूप में विचार किये जाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस उद्योग को सभी संभव सहायता दी जाये ताकि वह न केवल विभिन्न मदों की प्रस्थापित क्षमता का यथासंभव पूर्ण रूप से प्रयोग कर सके बल्कि जहां भी आवश्यक हो, अपेक्षित विस्तार की भी अनुमति दी जाये। यदि पहले से उत्पादित की जा रही मदों के आयात पर, पूर्ण रूप से रोक लगा कर अथवा प्रतिबंधित आधार पर आयात करने की अनुमति देकर, कोई प्रतिबंध लगाना पड़े तो समग्र रूप से राष्ट्रीय हित को मद्दे नजर रखते हुए, कुल मिला कर, उद्योग को ध्यान में रख कर इस मामले पर युक्तियुक्त ढंग से विचार करने की आवश्यकता है।	यथा सीमा कार्यान्वित की जायेगी
(24)	भारतीय लघु उद्योग संघ के परिसंघ द्वारा दिये गये सुझावों के प्रकाश में रंजक-पदार्थ उद्योग द्वारा आयातित रासायनिक पदार्थों संबंधी आयात नियंत्रण नीति को युक्तियुक्त बनाया जाये।	नोट कर ली गई।
(25)	मध्यवर्ती रंजक-पदार्थों के मामले में, जिसका देश में ही उत्पादन आरम्भ किया जाना था, इस समय आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक तथा उद्योग के बीच समुचित समन्वय का कुछ अभाव दृष्टिगोचर होता है। उद्योग को चाहिए कि वह अपने विनिर्माण कार्यक्रमों के बारे में अपनी नवीनतम विकासात्मक गतिविधियों के विषय में आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक को नियमित रूप से सूचित करता रहे ताकि आयात नियंत्रक नीति निरूपित करते समय आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक उन विकासात्मक गतिविधियों को भी ध्यान में रख सकें।	सिफारिश की ओर उद्योग का ध्यान दिलाया जाता है।
(26)	उद्योग की सुव्यवस्थित प्रगति तथा विकास पर निगरानी रखने हेतु, उस प्रत्येक रंजक मध्यवर्ती पदार्थ के आयात के प्रवाह के विषय में जानकारी रखना जरूरी है जिसकी वार्षिक आवश्यकता महत्वपूर्ण अर्थात् 10 मे० टन से अधिक होने की संभावना हो। ऐसे रंजक मध्यवर्ती पदार्थों के आयात के आंकड़े, वाणिज्यिक जानकारी तथा अंक-संकलन निदेशालय को अलग से रखने चाहिएं।	नोट कर ली गई। यथासंभव सीमा तक कार्यान्वित की जायेगी।
(27)	इस बात की जांच की जानी चाहिए कि संवेदनशील मदों के मामले में लाइसेंसों की वैध अवधि को क्यों न कम किया जाये ताकि उन मदों की उपलब्धि की तुलना में उनकी आयातों की स्थिति का पुनरीक्षण, अधिक बार, अर्थात् प्रत्येक छः महीने के अंतराल पर किया जा सके।	नोट कर ली गई।

1	2	3
(28)	विदेशी मुद्रा साधनों की स्थिति तथा अन्य संबद्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक को रुपया मुद्रा क्षेत्र के लाइसेंसों को कम से कम 20 प्रतिशत तक दुर्लभ मुद्रा क्षेत्र के लाइसेंसों में परिवर्तित करने की अनुमति दिये जाने के सुझाव पर उस अवस्था में सहानुभूति-पूर्वक विचार करना चाहिए, जब कोई उत्पादनकर्ता यह सिद्ध कर दे कि वह ऐसी मद विशेष का प्रयोग कर रहा है जो रुपया मुद्रा क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है ।	नोट कर ली गई ।
(29)	किसी रंजक मध्यवर्ती पदार्थ विशेष का न केवल पर्याप्त उत्पादन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है बल्कि अपेक्षित क्वालिटी तथा उसकी उचित कीमत सुनिश्चित करना भी आवश्यक है । अतः यह आवश्यक है कि लाइसेंस देने से पहले, संबद्ध प्राधिकारी, संभावित विनिर्माताओं द्वारा दी गई लागतों के ब्यौरों की सावधानीपूर्वक संवीक्षा कर लें ।	नोट कर ली गई ।
(30)	उद्योग के कुछ एककों द्वारा दिये गये इन सुझावों पर आयात-निर्यात के मुख्य नियंत्रक विचार कर सकते हैं : (1) ऐसे एककों के लिए नरम इस्पात की निकासी करना, जो अपने संयंत्र तथा उपस्कर स्वयं तैयार करना चाहें, तथा (2) उत्पादकों द्वारा स्थापित, मशीनों के विदेशी मेकों के फालतू हिस्सों का आयात करने की अनुमति देना ।	नोट कर ली गई । यथासंभव सीमा तक कार्यान्वित की जायेगी ।
(31)	लघु उद्योग के विकास आयुक्त से अनुरोध किया जाये कि वे खतरनाक रासायनिक पदार्थों के प्रयोग में विष संबंधी जोखिम को दूर करके ऐसी कार्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कारगर कदम उठायें जिसमें खतरा न हो ।	नोट कर ली गई ।
(32)	महत्वपूर्ण मध्यवर्ती रंजक पदार्थ, ऐंथेटिक-एन्टर की मांग तथा उपलब्धि के बीच काफी अन्तर को देखते हुये मध्यवर्ती पदार्थों की वर्तमान क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि अन्ततोगत्वा घरेलू उत्पादन से ही स्वदेशी आवश्यकताओं को पूर्ण रूप से पूरा किया जा सके ।	नोट कर ली गई । सिफारिश की ओर उद्योग का ध्यान दिलाया जाता है ।
(33)	उद्योग के लघु तथा विशाल, दोनों क्षेत्रों, विशेषतः लघु उद्योग क्षेत्र की क्षमता, उत्पादन, बिक्री, खपत तथा अन्य विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में उद्यतन ठीक-ठीक आंकड़े रखना आवश्यक है । उत्पादन संघों को चाहिये कि वे सुसंगत आंकड़ों को एकत्र करने तथा संकलन करने की व्यवस्था करें और उन आंकड़ों को समय-समय पर विकास आयुक्त (लघु उद्योग) तथा तकनीकी विकास के महा-निदेशक को भेजते रहें ।	सिफारिश की ओर उद्योग का ध्यान दिलाया जाता है ।

1	2	3
(34)	सप्लाई किये जाने वाले माल की क्वालिटी पर नजर रखने के रूप में, अपने ही हित में, भारतीय राज्य व्यापार निगम को चाहिये कि वह माल की प्राप्ति होने पर स्वयं ही नमूनों के परीक्षण की व्यवस्था करने पर विचार करे, यद्यपि उसका कार्य विशालस्तर पर होता है और विदेशी विनिर्माताओं से अपेक्षित विश्लेषण प्रमाण पत्र प्राप्त हो जाते हैं ।	सिफारिश की ओर राज्य व्यापार निगम का ध्यान दिलाया जाता है ।
(35)	राज्य व्यापार निगम का यह सुझाव है कि उनके माध्यम से किये जाने वाले आयातों के मामले में ग्राहक को पक्के क्रयादेश देने चाहियें और जमा के रूप में माल का 5 से 10 प्रतिशत तक मूल्य पेशगी देना चाहिये । राज्य व्यापार निगम उसके बदले उस राशि पर ब्याज देने के लिये तैयार है । यह प्रस्थापना सरकार द्वारा विचारार्थ प्रस्तुत की जाती है ।	नोट करली गई]।
(36)	इस प्रगतिशील उद्योग के हित में भारतीय मानक संस्थान को चाहिये कि वह यथा सम्भव अधिकतम संख्या में महत्वपूर्ण मध्यवर्ती रंजक पदार्थों के शुद्धता प्रतिशत को उचित रूप से ध्यान में रखते हुये शीघ्र ही अन्तिम रूप से मानक विशिष्टियां तयार कर ले ।	सिफारिश की ओर भारतीय मानक संस्थान का ध्यान दिलाया जाता है।
(36क)	जहां कहीं भी किसी एक मद का एक या अधिक से अधिक दो विनिर्माता हों, जिनका उसके समग्र उत्पादन पर नियंत्रण हो, उन्हे अन्तिम उपयोक्ता के अहित में कीमते ऊंची करने के विचार से संगत उत्पाद की सप्लाई में कृत्रिम कमी उत्पन्न न करने दी जाये । आवश्यकता इस बात की है कि उचित रूप से योजना बनाई जाये ताकि, यदि आवश्यकता पड़े तो, आतरिक मांग के साथ-साथ मूल्यवान विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिये विदेशी बाजारो की मांग भी पूरी करने हेतु श्रमदाताओं का विस्तार किया जा सके और इस प्रकार उत्पादन मे समग्र रूप से वृद्धि हो सके ।	नोट कर ली गई ।
(37)	रंजक-सामग्री तथा रंजक-मध्यवर्ती पदार्थों के निर्यात संवर्धन हेतु निर्यात संवर्धन समिति तथा रजक-सामग्री विनिर्माता संघ द्वारा रखी गई विभिन्न प्रस्थापनाये ऐसी कार्यवाही के लिये, जो उचित समझी जाये, सरकार के ध्यान में लाई जाती है ।	नोट कर ली गई । यथासंभव सीमा तक कार्यान्वित की जायेगी ।

1	2	3
(38)	उद्योग के कार्यकरण सम्बन्ध में उत्पादकों द्वारा दिये गये निम्नलिखित सुझाव ऐसी कार्यवाही के लिये जिसे वह आवश्यक समझे, सरकार के ध्यान में लाये जाते है :	यथासीमा तक कार्यान्वित की जायेगी ।
	(1) भेषजों तथा प्लास्टिक जैसे सम्बद्ध उत्पादों के निर्माण पर लगाये गये प्रतिबन्ध उस समय समाप्त कर दिये जायें जब संयंत्र में काम नहीं हो रहा हो ;	
	(2) एककों के आकार अथवा उसके विस्तार की बात का ध्यान रखे बिना निर्धारित राशि के आधार के बजाय, लागत पूंजी के निर्धारित प्रतिशत के आधार पर फालतू हिस्सों के आयात की अनुमति दी जानी चाहिये ;	
	(3) यदि कोई पेटेंट अन्तर्गस्त हों तो नाम मात्र के स्वामित्व का भुगतान करके पेटेंट के स्वामियों को विनिर्माण अधिकार देने के लिये बाध्य किया जाना चाहिये ;	
	(4) उपभोक्ता हितों का संरक्षण करने हेतु उत्पादन शुल्क, बिक्री कर चुंगी तथा इस प्रकार के अन्य महसूलों को कम करने अथवा हटाने की आवश्यकता है ;	
	और	
	(5) बड़े स्तर के एककों, द्वारा, जो रंजक तथा रंजक मध्यवर्ती पदार्थों दोनों का उत्पादन करते हैं, रंजकों के उपभोक्ताओं को इस समय दी जाने वाली ऋण सुविधाओं को लघु क्षेत्र में रंजक मध्यवर्ती पदार्थों के निर्माताओं को भी दिया जाना चाहिये ।	
(39)	उद्योग को अपने गवेषणा तथा विकास कार्यों को बढ़ाने में सहायता करने के लिये कार्बनिक रसायन उद्योगों (रंजक पेनल) की विकास परिषद् का विभिन्न एककों के गवेषणा प्रयत्नों का समन्वय करने का कार्य सौंपा जाना चाहिये । राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला, पूना को भी इस कार्य में सम्बद्ध किया जाना चाहिये । सरकार, कुछ नई मदों के लिये टेक्नोलोजी खरीदने की संभाव्यता पर भी विचार कर सकती है और जो इसका प्रयोग करना चाहें उन्हें उपलब्ध कर सकती है ।	नोट कर ली गई ।

1	2	3
(40)	उद्योग में गवेषणा तथा विकास कार्यों को बढ़ाने और राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला (रा० र० प्र०) द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करने के लिये रा० र० प्र० को, इस समय प्रायोजित गवेषणा परियोजनाओं के आरम्भ करने के अतिरिक्त लघु तथा माध्यम स्तर पर की कम्पनियों के रसायनज्ञों तथा योग्य औद्योगिकविज्ञों को इस बात की अनुमति देने के लिये सहमत हो जाना चाहिये कि वे अन्वेषण तथा परीक्षण करने के लिये उचित शुल्कों का भुगतान करके (रा० र० प्र०, पूना) में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं ।	राष्ट्रीय रसायन प्रयोगशाला तथा साथ ही उद्योग का भी ध्यान इस सिफारिश की ओर आकर्षित किया जा चुका है ।
(41)	यद्यपि बड़े तथा छोटे स्तर के एककों द्वारा बनाये जाने वाले रंजक मध्यवर्ती पदार्थों के बीच स्पष्ट भेद करना संभव नहीं है, तो भी अन्य बातों के साथ-साथ कार्य कुशलता तथा अर्थसक्षमता को ध्यान में रखते हुये सुव्यवस्थित उत्पादन का एक कार्यक्रम पूर्ण करने हेतु मार्गों पायों का पता लगना उचित रहेगा जिससे उद्योग की स्वस्थ तथा तीव्र प्रगति सहायता से प्राप्त हो सके । रंजक उद्योग के लिये हाल में बनाई गई स्थायी समिति, जिसमें न के वल सरकार के प्रतिनिधि हैं अपितु उद्योग के दोनों क्षेत्रों के प्रतिनिधि हैं, इस दिशा में एक प्रभावी भूमिका अदा कर सकती है ।	नोट कर ली गई ।
(42)	उद्योग के बड़े तथा छोटे स्तर के उद्योग एककों के बीच अस्वस्थ प्रतियोगिता तथा उत्पादन की अति व्याप्ति बचाने के लिये, बड़े स्तर तथा छोटे स्तर के बीच कुछ युक्तियुक्त विभाजन आवश्यक है । पूरे उद्योग के उचित विकास के लिये उन्हें एक दूसरे का प्रतियोगी होने के बजाय फरक होना चाहिये । यद्यपि निर्माण की वे मदें जिनमें बड़े स्तर पर उत्पादन अपेक्षित है और साथ ही वे मदें जिदमें जटिल प्रक्रिया अन्तर्ग्रस्त है बड़े क्षेत्र के एककों द्वारा जिनके पास आवश्यक गवेषणा तथा विकास की सुविधाओं सहित आवश्यक सुविधायें हैं अधिक लाभप्रद ढंग से तथा दक्षतापूर्वक उत्पादित की जा सकती हैं परन्तु विशिष्ट प्रयोगों के लिये छोटी मात्रा में अपेक्षित रुचिपूर्ण मदों तथा साथ ही उन मदों का जिनमें सामान्य प्रक्रिया अपेक्षित होती है उत्पादन अच्छा रहेगा यदि लघु क्षेत्र के लिये छोड़ दिया जाये जिसके साथ यह लाभ है कि वह श्रम प्रधान है ।	उद्योग का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा चुका है ।

1	2	3
(43)	विदेशी तकनीकी सहयोग से उत्पादित किये जाने पर भी अनेक रंजक मध्यवर्ती पदार्थों में कच्चे माल तथा अन्य विशिष्ट साधनों का प्रयोग तुलनात्मक दृष्टि से उस स्तर से अधिक होता है जितना अन्तर्राष्ट्रीय रूप से मान्य मानकों के अनुसार आवश्यक है । कच्चे माल की इस अधिक खपत से उत्पादन दक्षता कम हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप तैयार उत्पादों की लागत बढ़ जाती है । यह एक गम्भीर मामला है और इस पर सक्षम तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा विचार किया जाना चाहिये ।	नोट कर लिया गया । भारतीय मानक संस्था का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा चुका है ।
(44)	थलिक एनहाइड्राइड के उत्पादकों को इसके निर्माण की प्रक्रिया में किफायत करने हेतु सभी सम्भव मार्गोपायों का पता लगाना चाहिये ताकि इसकी कीमत यथासम्भव आयातित उत्पाद के जहाज से उतरते समय की लागत के स्तर पर लाई जा सके ।	थलिक एनहाइड्राइड के उत्पादकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा चुका है ।
(45)	अब समय आ गया है कि जब कि उद्योग को किसी न किसी प्रकार के स्वैच्छिक नियंत्रण लगाये जाने पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उपभोक्ताओं के लिए इसके उत्पादों की बिक्री कीमतें उचित तथा उपयुक्त हों । निर्माताओं की मान्यता-प्राप्त संस्थायें भी ऐसे कीमत नियंत्रण को सुनिश्चित करने में अधिक प्रभावी भूमिका अदा कर सकते हैं तथा उन्हें करनी चाहिये । इस संदर्भ में, 1970 के समीक्षा प्रतिवेदन पर सरकारी संकल्प सं० 14(5) टैर/69 दिनांक 25-2-1971 में दी गई आयोग की सिफारिश सं० 4 के प्रसंग में यह प्रस्थापित किया जाता है कि कुछ रंजक मध्यवर्ती पदार्थों को चुना जाये और उनकी टेरिफ आयोग अधिनियम, 1951 की धारा 11(घ) के अनुसार निर्माताओं की कीमत नीति, उपयोग क्षमता, पूर्तियों और क्वालिटी की गहन जांच की जाए ।	नोट कर लिया गया है । उद्योग तथा निर्माताओं की मान्यता-प्राप्त संस्थाओं का ध्यान इस सिफारिश की ओर आकर्षित किया जा चुका है ।
(46)	जस्ते के चूर्ण तथा अन्य कच्चे माल की किस्म सुधारने की तथा साथ ही उनकी कीमतों को कम करने की आवश्यकता है । आशा है कि उनके उत्पादक अपने माल की लागत कम करने और उनकी किस्म सुधारने के लिये गम्भीरतापूर्वक प्रयास करेंगे ताकि वे भारतीय मानक संस्था के (आई० एस० आई०) मानकों को अनुरूप हो सकें ।	जस्ते के चूर्ण तथा अन्य कच्चे माल के उत्पादकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा चुका है ।

1	2	3
(47)	कच्चे माल की किस्म सुधारने और साथ ही स्वदेशी उपभोग के लिये रंजका मध्यवर्ती पदार्थों की निर्माण लागत कम करने और विदेशी बाजारो में उन्हें अधिक प्रतियोगी बनाने के लिये यह सुझाव दिया जाता है कि कच्चे माल के उत्पादकों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उनके उत्पाद भारतीय मानक सस्था की विशिष्टियों के अनुरूप है। उन्हें अपनी निर्माण लागत में किफायत करने के पुरजोर प्रयत्न करने चाहिये ।	कच्चे माल के उत्पादकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा चुका है ।
(48)	बड़े तथा लघू क्षेत्रों, दोनों में, उत्पादकों को अपने उत्पादों की किस्म और उपभोक्ताओं की शिकायतें दूर करने की ओर अधिक ध्यान देना चाहिये । चूकि भारत में निर्मित रंजक मध्यवर्ती पदार्थों का निर्यात बाजारो में प्रवेश बढ़ता जा रहा है, अतः यह आवश्यक है कि निर्माता अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सामना करने हेतु क्वालिटी का अधिक ध्यान रखें ।	रंजक मध्यवर्ती पदार्थों के बड़े तथा छोटे स्तर दोनों मे उत्पादकों का ध्यान इस सिफारिश की ओर आकर्षित किया जा चुका है ।
(49)	रंजक पदार्थ उद्योग के लिये संरक्षण जारी रखने के बारे में 1968 के प्रतिवेदन में की गई और सरकारी संकल्प सं० 14(1)-टैर/68 दिनांक 7 दिसम्बर, 1968 में सम्मिलित की गई निम्नलिखित सिफारिश सं० (15) को कहां तक कार्यान्वित किया गया है, इसके बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नही है : (15) आयात लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को प्रतिबन्धित वस्तुओं के आयात के मामलों के सम्बन्ध में रंजक पदार्थ उद्योग की टिप्पणियों की ध्यान में रखना चाहिये तथा भावी नीति निर्धारित करते समय उन कमियों को दूर करने के लिये प्रभावी कदम उठाने चाहिये जो वास्तविक कार्यकरण के समय ध्यान में आयें । अतः सिफारिश को पुनः सरकार के ध्यान में लाया जाता है ।	सरकार यथासंभव इस सिफारिश को कार्यान्वित करने के लिये ध्यान देती रहेगी ।
(50)	आयोग ने अपने 1970 के पुनरीक्षण प्रतिवेदन में जो निम्नलिखित सिफारिशें की थीं (जिन पर सरकारी संकल्प सं० 14(5)-टैर/69 दिनांक 25-2-71 जारी किया गया था) उनको यथासम्भव कार्यान्वित करने के लिये उसने पुनः दोहराया है ।	सरकार यथासंभव इन सिफारिशों को कार्यान्वित करने के लिये ध्यान देती रहेगी ।

1	2	3

1(1) उद्योग के छोटे तथा बड़े स्तर के क्षेत्रों में और अधिक समन्वय तथा सहयोग होना चाहिये । उनको अपनी पारस्परिक आवश्यकताओं तथा उपलब्धि के आधार पर अपने बीच उत्पादों का आदान-प्रदान करने योग्य होना चाहिये ।

1(4) कुछ एसे मध्यवर्ती पदार्थों के, जिनका पहल ही उत्पादन हो रहा है या जिनकी काफी उत्पादन क्षमता देश में ही विद्यमान है, आयातों पर, विशेषत: उन आयातों पर जो बहुउद्देश्यीय निर्यात संवर्धन लाइससों के आधार पर किये जाते हैं, कुछ और प्रतिबन्ध लगाये जाने चाहियें ।

1(5) जहां मध्यवर्ती पदार्थों की अभी भी आयात होने हैं वहां लघु स्तरीय क्षेत्र को जिनके पास इन मध्यवर्ती पदार्थों को कच्चे माल के सीधे तैयार करने की क्षमता नही है, प्राथमिकता दी जानी चाहिये ।

1(6) उद्योग के सभी क्षेत्रों को उपलब्ध सप्लाई का न्यायोचित ढंग से उप-विभाजन सुनिश्चित करने के लिये आयातो पर नियंत्रण को चयनात्मक ढंग से तीव्र और सुव्यवस्थित करने तथा साथ ही वितरण पर विनियात्मक नियंत्रण रखने की आवश्यकता है । इस प्रयोजन के लिये तथा अधिक खरीद से होने वाली संभव बचतों का लाभ उठाने के लिये यह आवश्यक होगा कि कच्चे माल और या मध्यवर्ती पदार्थों के आयात राज्य व्यापार निगम जैसी एक केन्द्रित निकाय के माध्यम से किये जाये । कभी-2 यह भी आवश्यक होगा कि कम सप्लाई वाले मध्यवर्ती पदार्थों के घरलू उत्पादन का एक विशिष्ट भाग अनिवार्य रूप से खरीदने के लिये और जिनके पास एसे मध्यवर्ती पदार्थों के उत्पादन की सुविधायें नही है, उन सबकी वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार सही ढंग से उसका वितरण करने के लिये उसका या किसी अन्यव्यवस्था का प्रयोग किया जाये ।

1	2	3

2(5) चूंकि आर्थो-टोल्यूडीन की स्थापित क्षमता आन्तरिक मांग को पूरा करने के लिए आवश्यकता से अधिक है, अतः उत्पादन मे सुधार लाने के लिए कदम उठाये जाने चाहिए, ताकि आयात न किये जायें जोकि स्वदेशी उत्पाद की अपेक्षा अधिक महंगे पडते हैं ।

2(7) टोबियस अम्ल का आयात कोटा 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर देने से ऐसी ,आशा है कि उस उत्पादन क्षमता का उपयोग हो सकेगा जो मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है तथा उससे आयातों पर निर्भरता भी घटेगी ।

2(9) यह उचित नहीं है कि एसिटो ससेट एनीलीड के आयात की अनुमति इस सीमा तक दी जाए जिससे स्वदेशी उत्पादन क्षमता का काफी भाग का प्रयोग होना बन्द हो जाये । आयात में कमी करने से स्वदेशी क्षमता के उपयोग में वृद्धि होगी तथा आयातों पर निर्भरता घटेगी ।

3. वर्तमान उत्पादन (यथार्थ एवं संभाव्य दोनों) तथा मांग का उचित एवं वास्तविक मूल्यांकन करना चाहिए ताकि मांग और सप्लाई के बीच आकस्मिकताओं के लिए जो थोड़ा सा—अर्थात् अनुमित मांग का 10 प्रतिशत —अन्तर रहे उसकी पूर्ति नियोजित ढंग से आयातों द्वारा की जा सके ।

5. मध्यवर्ती पदार्थों का उनकी प्रतिशत शुद्धता के अनुसार वर्गीकरण होना चाहिए तथा उस पर आई० एस० आई० का चिह्न लगाया जाना चाहिए ।

8. सरकार को इस संबंध में प्रोत्साहन देना चाहिए कि मध्यवर्ती पदार्थों के उत्पादन तथा उन की बचतों के अन्य पहलुओं पर राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला, पूना जैसी संस्थाएं प्रायोगिक अध्ययन करें जिसे जैक पदार्थ उद्योग के विकास के लिए विशेषत: छोटे पैमाने के उत्पादकों के लिए मार्गदर्शन तथा विशेषज्ञता मिल सके । उद्योग को

1	2	3

स्वयं भी ऐसे प्रायोगिक अध्ययन करने में लगी हुई संस्थाओं से निकट संपर्क बढ़ाना चाहिए । आयोग का यह भी विचार है कि आयातों को रोकने के लिए (i) रासिटो रासेट सनीलीड, (ii) रासिटो एसेट आर्थो कलोरो सनीलीड तथा टोबियास अम्ल की वर्तमान उत्पादन क्षमता का अधिकतम उपयोग करके इन चीजों का उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी सम्बद्धों को भेजी जाय तथा इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

NOTIFICATIONS

TARIFES

New Delhi the 4th December 1972

No. 12 (2) -Taz /72- I—Whereas the Central Government is satisfied, after due inquiry, that the duties chargeable under the First Schedule to the Indian Tariff Act, 1934 (32 of 1934), in respect of (i) Metanilic acid and (ii) Quinizarine (1, 4-dihydroxy-anthraquinone) both falling under Item No. 28(40) of the said Schedule, and charactarised as protective in the third column thereof have become ineffective for the purpose of securing the protection intended to be afforded by them to similar articles manufactured in India :

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the said Act, the Central Government hereby increases, with immediate effect, the duties of customs on the said articles so that the duties chargeable shall be as specified in column (3) of the Table annexed hereto.

THE TABLE

Item No. of Tariff	Name of Article	Rate of duty
(1)	(2)	(3)
28 (40)	Metanilic acid, Quinizarine (1,4—dihydroxyanthraquinon).	
	(a) of British manufacture . .	90 per cent *ad valorem*.
	(b) not of British manufacture. . .	100 per cent *ad valorem*.

अधिसूचनाएं

टैरिफ

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर, 1972

सं० 12(2)-टार/72-1.—यतः केन्द्रीय सरकार का , सम्यक् जांच के पश्चात्, यह समाधान हो गया है कि भारतीय टैरिफ अधिनियम 1934 (1934 का 32) की प्रथम अनुसूची के अधीन, उक्त अनुसूची की मद सं० 28(40) के अन्तर्गत आने वाले (1) मेटानिलिक एसिड और (2) क्विनिजरीन (1) 4 डाइहाइड्राक्सी एन्थ्राक्विनोन) दोनों के बारे में प्रभार्य और उसके तीसरे स्तम्भ में संरक्षी के रूप में वर्जित, शुल्क, उस संरक्षण को, जो भारत में उत्पादित वैसी ही वस्तुओं को प्रदान करना उन से आशयित है, सुनिश्चित करने के लिये अप्रभावी हो गये हैं ।

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त वस्तुओं पर सीमा-शुल्क एतद्द्वारा इस प्रकार तुरन्त बढ़ाती है कि प्रभार्य शुल्क एतद्साबद्ध सारणी के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे ।

सारणी

टैरिफ की मद सं०	वस्तु का नाम	शुल्क की दर
1	2	3
28(40)	मेटानिलिक एसिड	
	क्विनिजरीन (1: 4 डाइहाइड्राक्सी एन्थ्राक्विनोन)	
	(क) जो ब्रिटिश विनिर्मित हो	90 प्रतिशत मूल्यानुसार
	(ख) जो ब्रिटिश विनिर्मित न हो	शत प्रतिशत मूल्यानुसार

No. 12 (2) -Tar /72-H.—Whereas the Central Government is satisfied, after due inquiry that the duties chargeable under the First Schedule to the Indian Tariff Act, 1934 (32 of 1934) in respect of (i) J-Acid (2-naphthylamina-5hydroxy-7sulphonic acid), (ii) 4-chloro-2-Nitro Aniline, (iii) Para anisidine, (iv) Para toluidine and (v) Ortho anisidine falling under Item No. 28(38) of the said Schedule, and characterised as protective in the third column thereof have become excessive for the purpose of securing the protection intended to be afforded by them to similar articles manufactured in India ;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the said Act, the Central Government hereby decreases, with immediate effect, the duties of customs on the said articles so that the duties chargeable shall be as specified in column (3) of the table annexed hereto.

THE TABLE

Item No. of Tariff	Name of Article	Rate of duty.
28(38)	J—Acid (2-naphthylamine-5hydrozy-7-7-sulphonic acid), 4—chloro-2-Nitro Aniline, Para anisidine, Para toluidine.	
	(a) of British manufacture	50 par cent *ad valorem.*
	(b) not of British manufacture	60 per cent *ad valorem.*
28(38)	Ortho anisidine.	
	(a) of British manufacture	50 per cent *ad valorem.*
	(b) not of British manufacture	60 per cent *ad valorem.*

सं० 12(2)–टार/72–2.—यत: केन्द्रीय सरकार का, सम्यक् जांच के पश्चात्, यह समाधान हो गया है कि भारतीय टैरिफ अधिनियम 1934 (1934 का 32) की प्रथम अनुसूची के अधीन उक्त अनुसूची की मद सं० 28(38) के अन्तर्गत आने वाले (1) जे-एसिड (नैफ्थिलैमिन–5–हाइड्राक्सी–7–सल्फोनिक एसिड), (2) 4–क्लोरो–2–नाइट्रो एनिलाइन, (3) पैरा एनीसीडाइन, (4) पैरा टोल्यूइडीन तथा (5) आर्थो एनीसीडाइन के बारे में प्रभार्य, और उसके तीसरे स्तम्भ में सरक्षी के रूप में वर्णित, शुल्क, उस संरक्षण को, जो भारत में उत्पादित वैसी ही वस्तुओं को प्रदान करना उन से आशयित है, सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिए अत्यधिक हो गये हैं;

अत: अब उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार उक्त वस्तुओं पर सीमा शुल्क एतद्द्वारा इस प्रकार तुरन्त कम करती है कि प्रभार्य शुल्क एतदुपाबद्ध सारणी के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे ।

सारणी

टैरिफ की मद सं०	वस्तु का नाम	शुल्क की दर
1	2	3
28(38)	जे-एसिड (2-नैफ्थिलैमिन-5-हाइड्रोक्सी-7-सल्फोनिक एसिड), 4-क्लोरो-2-नाइट्रो एनिलाइन, पैरा एनीसीडाइन पैरा टोल्यूइडीन	
	(क) जो ब्रिटिश विनिर्मित हो	50 प्रतिशत मूल्यानुसार
	(ख) जो ब्रिटिश विनिर्मित न हो	60 प्रतिशत मूल्यानुसार
28(38)	आर्थो एनीसीडाइन	
	(क) जो ब्रिटिश विनिर्मित हो	50 प्रतिशत मूल्यानुसार
	(ख) जो ब्रिटिश विनिर्मित न हो	60 प्रतिशत मूल्यानुसार

No. 12/2)-Tar/72-III.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3A of the Indian Tariff Act, 1934 (32 of 1934), the Central Government hereby directs that with immediate effect, there shall be levied on the articles specified in column (1) of the Table here to annexed, when imported into India, a duty of customs of such amount as is specified in the corresponding entry in column (2) thereof.

THE TABLE

Name of Articles	Amount of duty of customs [in place of the duty specified in the First Schedule to the Indian Tariff Act, 1934 (32 of 1934)]
(1)	(2)
The following dye-intermediates, namaly, Chicago acid, G-Salt. Gamma acid, H. Acid, J-Acid urea, Meta-toluylene diamine, Meta-phenylene diamine, Nevile Winther acid, Para Nitro aniline, Rhoduline acid, Sulphanilic acid, Sodium naphthionate/naphthionic acid, 2:5-dichloro nitro benzene, Dimethyl sulphate, Beta Naphthol, Aceto acetic ester (ethyl/methyl). Trichloro benezene, Benzidine sulphate/Benzidine dihydro chloride. Dimethylaniline.	
(a) of British manufacture	. 50 per cent *ad valorem*
(b) not of British manufacture	. 60 per cent *ad valorem*

S. K. BAGCHI, Joint Secy.

सं० 12(2)-टार/72-3.—भारतीय टैरिफ अधिनियम, 1934 (1934 का 32) की धारा 3क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि एतदुपाबद्ध सारणी के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट वस्तुओं पर, जब भारत में उनका आयात किया जाए, तुरन्त उतना सीमा शुल्क उद्गृहीत किया जाएगा जितना सारणी के स्तम्भ (2) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट है ।

सारणी

वस्तुओं का नाम	सीमा शुल्क की रकम, जिसके अन्तर्गत भारतीय टैरिफ अधिनियम, 1934 (1934 का 32) की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट शुल्क भी है
(1)	(2)
निम्नलिखित रंजक-मध्यवर्ती पदार्थ, अर्थात्,	
चिकागो एसिड,	
जी-साल्ट,	
गामा एसिड,	
एच एसिड,	
जे-एसिड यूरिया,	
मेटा-टोल्युलीन डायामिन,	
मेटा-फैनिलीन डायामीन,	
नेफाइल-विन्थर एसिड,	
पैरा नाइट्रो एनिलानइ,	
रेहोडूलाइन एसिड,	
सल्फानिलिक एसिड,	
सोडियम नेफथाइओनेट/नैफथाइओनिक एसिड,	
2: 5 डाइक्लोरो नाइट्रो बेंजीन,	
डाईमैथिल सल्फेट,	
बीटा नैफथोल,	
एसिटा एसिटिक इथ्दर (इथाइल/मिथाइल),	
ट्राइक्लोरो बैनजीन,	
बैनजीडाइन सल्फेट/बैनजीडाईन डीहाइड्रोक्लोराइड,	
डाइमीथाइलएनिलाइन—	
(क) जो ब्रिटिश विनिर्मित हो	50 प्रतिशत मूल्यानुसार
(ख) जो ब्रिटिश विनिर्मित न हों	60 प्रतिशत मूल्यानुसार

एन० के० बागची, संयुक्त सचिव ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1972